श्री भीष्म सहनी, माननीय स.वि.प. से प्राप्त अल्पसूचित
प्रश्न संख्या-01/212/1137 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि - (क) क्या यह सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत बगहा-1 प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बसवरिया के करजनिया परसौनी से सिकरहना नदी गुजरती है; (ख) क्या यह सही है कि सिकरहना नदी में भरे गाद एवं टूटे तटबंध से प्रत्येक साल अनेक ग्राम जैसे-करजनिया, परसौनी, हरपूर, बरियरवा, सलहा, पीपर, बसंतपुर आदि बाढ़ से प्रभावित होता है और जान-माल, फसल की हानि उठानी पड़ती है; (ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकरहना नदी का बाबा के पुल से सिसवा बसंतपुर तक गाद की सफाई एवं तटबंध को मजबूत कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के बगहा-1 प्रखंड से सिकरहना नदी गुजरती है, जिसके दाँयें तट पर क्रमशः करजनिया, परसौनी, हरपुर, सिसवा बसंतपुर एवं बायें तट पर पीपरा, सलहा, बरियरवा ग्राम स्थित है। बगहा-1 प्रखंड में सिकरहना नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा प्रश्नगत प्रभाग में कोई तटबंध निर्मित नही है। बाढ़ अवधि में नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि होने पर पानी का फैलाव एन.एस.एल. पर होता है एवं नदी में जलस्तर घटने पर स्वतः नदी में वापस चला जाता है । वर्तमान में प्रश्नगत सभी ग्रामों में बसावट की दूरी नदी तट से लगभग 350 से 750 मीटर है एवं प्रश्नगत प्रभाग में सिकरहना नदी में गाद सफाई की अभी कोई योजना नहीं है।

P.T.O

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मुज0)–06–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 212वें सत्र से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–01/212/1137 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मुज0)–06–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मुज0)–06–24/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25/वि0प0प्र0(मुज0)–06–24/2026– 1472 पटना, दिनांक– 25/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
25.03.26